>

Title: Need to release funds for the construction of the dwelling units for the Beedi workers in Banka Parliamentary Constituency, Bihar.

श्री गिरिधारी यादव (बांका) : महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र बांका के जमुई जिले में बड़ी संख्या में लोग बीड़ी बनाकर अपने परिवार का जीवन-यापन करते हैं। इनके पास टूटे-फूटे एवं कच्चे आवास हैं। केन्द्र सरकार द्वारा उनके लिए एक हजार आवास ईकाइयां बनाने की योजना बनाई गई थी, जिसके तहत आधी रकम ही जारी की गई है। परिणामस्वरूप ये मकान अधूरे बने हुए हैं, पूरी तरह नहीं बनने से यह खराब होने लगे हैं। इस संबंध में सरकार से अनुरोध है कि केन्द्र सरकार शेष आधी रकम को शीघ्र जारी करे, जिससे योजना के उद्देश्य को पूरा किया जा सके।

सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि बांका में प्रस्तावित बीड़ी मजदूरों के मकान बनाने हेतु शेष धनराशि को शीघ्र जारी किया जाये।